C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:55 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:21 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 284 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 12 मई 2025

रिलीज से पहले ही करोड़ों कमाने...पेज-3 पर

## सेना ने अदम्य साहस के साथ आतंकियों को मिट्टी में मिलाया: भाजपा

नई दिल्ली
एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि सेना अदम्य साहस दिखाया। सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया। सांसद संबित पात्रा ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, आज भाजपा, उसके कार्यकर्ता और देश के नागरिक सुरक्षाबलों का धन्यवाद करते हैं जिनकी वजह से ऑपरेशन



सिंदूर सफल हो पाया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि हम 26 लोगों की मौत का बदला लेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बदला दुश्मन की कल्पना से परे होगा और ऐसा ही हुआ। उन्होंने यह भी कहा था कि मिट्टी में मिलाएंगे और घुस के मारेंगे, हमने वही किया। प्रधानमंत्री मोदी के फैसले और हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी ने सुनिश्चित किया कि आतंकी ठिकाने मलबे में तब्दील हो जाएं। 22 अप्रैल से 7 मई तक देश में तनाव का माहौल था, तत्काल कार्रवाई की मांग थी। अतीत में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बावजूद पाकिस्तान को अंदाजा नहीं था कि उस पर कब हमला होगा। संबित पात्रा ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। हमने जवाबी कार्रवाई में 11 एयरबेस को निशाना बनाया। 50 पाकिस्तान जवान भी मारे गए। उन्होंने कहा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान के तमाम नेता शामिल हुए। जिससे साबित होता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद और आतंकियों को बढ़ावा देने वाले एक साथ काम करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर से हमने बता दिया कि भारत आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि एक बात यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यह पहली बार है कि किसी परमाणु ताकत पर पलटवार किया गया है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। हमने दुश्मन को यह बताया है कि हमारे लिए कुछ भी दूर नहीं है। हमारी सेना पाकिस्तान में पंजाब तक आतंकी ठिकानों को नष्ट किया।

## News कॉर्नर

### नशे के इंजेक्शन समेत तस्कर को गिरफ्तार

हल्द्वानी। पुलिस ने नशे के इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी अपने दलबल के साथ बीती रात गौला पार्किंग के पास गश्त कर रहे थे। तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा भागते युवक को देख पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी जिसके पास से नशे के साथ इंजेक्शन बरामद हुआ। पुलिस ने जब उससे उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम साजिद निवासी चैनल गेट इंदिरा नगर बताया तस्कर ने बताया कि वह इंजेक्शन किच्छा से सस्ते दामों खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों पर उसे बेचता है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया।

### हजारों की नगदी सहित एक सट्टेबाज दबोचा

हल्द्वानी। सट्टे का कारोबार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। पैसा डबल करने के चक्कर में लोग बर्बाद होते नजर आ रहे हैं पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगदी सहित एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी को मुखबिर ने सूचना दी की रेलवे पटरी के समीप एक युवक लोगों को लालच देकर सट्टा खिलवा रहा है। सूचना पाकर पुलिस में सट्टेबाज हरीश निवासी ल. नंबर 18 को 2540/ रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया।

### दो शराब तस्करों को शराब को कोर्ट में पेश किया

हल्द्वानी। पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो शराब तस्करों को शराब सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्वाई करते हुए दोनों को न्यायालय में पेश किया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस में दो पेटी देशी शराब के साथ विनोद कुमार पुत्र मोनू कुमार निवासी गोरा पड़ाव को रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार किया है। उधर चोर गलियां थाना पुलिस ने कर संख्या ह्वा04ट 2345 चेकिंग के दौरान पांच पेटी बियर के साथ मुकुल सिंह बरगली पुत्र महिपाल सिंह बरगली हिम्मतपुर गोलापुर को गिरफ्तार कर ले में पेश किया है।

हादसे के बाद सड़क पर बिखरे पड़े दिखे शव

## दुखद: ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत

रायपुर
एजेंसी

छत्तीसगढ़ में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां रायपुर-बालोद बाजार रोड पर सारागांव के पास एक छोटे ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई है।

राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा खरोरा-बलौदा बाजार रोड पर उस समय हुआ जब माजदा वाहन में सवार होकर लोग बच्चों के जन्मोत्सव कार्यक्रम से लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, माजदा वाहन जैसे ही खरोरा क्षेत्र में पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही 13 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 9 महिलाएं, 2 बच्चियां, 1 बच्चा और 6 माह की एक शिशु शामिल हैं। हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज रायपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर



पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई है। घटना की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की लापरवाही पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस हृदय विदारक हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। लोगों से अपील की जा रही है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय सतर्कता बरतें। रायपुर एसपी लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि ये लोग शादी के बाद होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन से जुड़े आला अफसर मौके पर पहुंचे हैं। बड़े सड़क हादसे के बाद इलाके मे 'अफरा-तफरी मच गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चटौद गांव का एक परिवार बंसरी गांव में पारिवारिक समारोह में शामिल होने गया था।

## पर्वतीय जिलों में आज भी तेज बौछार की बारिश का येलो अलर्ट, मैदान में तपिश

देहरादून
हमारे संवाददाता

सोमवार से प्रदेशभर के मौसम में सुधार देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 12 मई से मौसम खुलने से मैदानों में तेजी से तापमान बढ़ने से गर्मी परेशान करेगी।

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज भी मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले के कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के अधिकतर हिस्सों में गर्जन के साथ 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलने के आसार हैं। अन्य जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। सोमवार से प्रदेशभर के मौसम में सुधार देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 12 मई से मौसम खुलने से मैदानों में तेजी से तापमान बढ़ने से गर्मी परेशान करेगी। शहर में पिछले एक सप्ताह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। इससे स्थानीय लोगों और सैलानियों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश के चलते स्कूली छात्रों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। न्यूनतम तापमान गिरकर 17 डिग्री तक पहुंच गया है। पर्यटन स्थलों पर पहले की अपेक्षा भीड़ कम लग रही है। कुछ पर्यटक वापस जाने लगे हैं। शहर की सड़कों पर कीचड़ भी जमा हो गया है।



## सीमांत किसानों को सशक्त बनाने को बड़ी पहल, 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश सरकार ने लघु और सीमांत किसानों को सशक्त बनाने के लिए एक बड़ी पहल की है। किसानों की कृषि यंत्रों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की योजना बनाई है, जिसके अंतर्गत कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी अधिकतम चार लाख रुपये तक की होगी। इस योजना से राज्य के 10 हजार किसान समूहों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड राज्य में लगभग 90 प्रतिशत किसान लघु और सीमांत श्रेणी में आते हैं। इन किसानों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे ट्रैक्टर, पावर टिलर, थ्रेसर, रीपर जैसे महंगे कृषि यंत्र स्वयं खरीद सकें। विशेष रूप से राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहां कृषि कार्यों में महिलाओं की भूमिका प्रमुख होती है। महिला श्रमिकों का श्रम कम करने और आधुनिक कृषि यंत्रों तक उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार ग्राम स्तर पर फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करेगी। प्रत्येक गांव में 8 से 10 किसानों के समूह बनाए जाएंगे जिन्हें फार्म मशीनरी बैंक चलाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इन समूहों को सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी, जिससे वे आधुनिक कृषि यंत्र खरीद सकें। इन यंत्रों को किसान समूह अन्य किसानों को किराए पर भी दे सकेंगे। इससे उन्हें अतिरिक्त आय का साधन भी मिलेगा। कृषि निदेशक केसी पाठक ने बताया कि राज्य के पर्वतीय जिलों में अधिकतर किसान छोटे हैं, जो महंगे कृषि

## कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास, इंस्टाग्राम पर दी जानकारी

नई दिल्ली
एजेंसी

भारतीय क्रिकेट को एक हफ्ते के अंदर दो बड़े झटके लगे हैं। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से मीडिया में यह बात चल रही थी कि कोहली ने बीसीसीआई को अपने संन्यास के बारे में जानकारी दे दी है, लेकिन बीसीसीआई ने आगामी इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को देखते हुए उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। हालांकि, कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने का ही फैसला किया। भारत के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि बुधवार (सात मई) को



नियमित कप्तान रोहित ने भी टेस्ट से संन्यास ले लिया था।

एक हफ्ते के अंदर दो दिग्गज खिलाड़ियों के संन्यास से फैंस सदमे में हैं। इसी के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक अध्याय का अंत हो गया। भारत को इंग्लैंड का दौरा अगले महीने करना है। इस दौरान टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। विराट ने अपने पोस्ट में लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार मैंने बैगी ब्लू जर्सी 14 साल पहले पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे इस तरह के सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे पहचान दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद जर्सी में खेलना मेरे लिए बहुत ही खास और निजी अनुभव है। परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन यह हमेशा आपके साथ रहते हैं। जब मैं इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह फिलहाल सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभारी हूं, जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा। उन्होंने आगे अपनी जर्सी का नंबर 269 लिखा और लिखा साइनिंग ऑफ।

# मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा रविवार को नैनीताल बैंक के सहयोग से मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा द्वीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा समाज की संघर्षशील महिलाओं ( ज्योति धामी, भागीरथी बिष्ट, इंदु अरोड़ा, लीला पाठक व हेमा जोशी) को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत शहर के 15 विद्यालयों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें साक्षी नेगी (सरस्वती विद्या मंदिर) ने प्रथम रोजम (मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर) ने द्वितीय एवं सुधांशु कुमार (बिशप शा इंटर कालेज)ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके साथ ही आशीष सतुडी (पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार दुर्गापुर)तथा मानसी आर्य (निशांत), नितिन (सेंट जेवियर) रुबीना खातून (सनवाल पब्लिक स्कूल) के साथ ही गर्वित नेगी (भारतीय शाहिद सैनिक विद्यालय) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के शुरुआत लेक सिटी वेलफेयर क्लब की सचिव सरिता त्रिपाठी द्वारा तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है मां--- गीत गाकर की। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा की मां एक सुंदर एहसास है जिसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। कहा कि मां की भरपाई कोई नहीं कर सकता। इस मौके पर उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट ने मां के संघर्षों पर प्रकाश डाला वहीं दूसरी ओर स्वाति, दिग्विजय बोरा, रश्मि पांडे, नीलम जोशी, आशा शर्मा, ईशा शाह, अजीत कुमार तथा डा. प्रगति जैन आदि ने मां के बारे में विशेष वर्णन किया।

इस अवसर पर नैनीताल बैंक के मैनेजर अंकित भट्ट, कार्यक्रम संयोजक ज्योति ढौडियाल, लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष आभा शाह समेत हेमा भट्ट, रानी शाह. डॉ. पल्लवी, रमा तिवारी, रमा भट्ट, तनु सिंह, तुसी शाह, गीता शाह, विनिता पांडे, जीवंती भट्ट, मीनू बुलाकोटी, कविता त्रिपाठी, सीमा सेठ, रेखा त्रिवेदी, कंचन जोशी, दया कुमार, अमिता शाह, तारी शेरवानी, नीरू शाह, जय वर्मा, मधुमिता, सरस्वती सिराला आदि महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

## NEWS / फटाफट

### छात्र-छात्राओं के साथ अन्यायपूर्ण रवैये को लेकर धरना



**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि प्रशासन की ओर से छात्र-छात्राओं के साथ किए जा रहे अन्यायपूर्ण रवैये के प्रति नैनीताल के डीएसबी परिसर के छात्र नेताओं ने रविवार के अवकाश के बाद भी धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही विवि प्रशासन की ओर से उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगे। छात्र नेताओं की मुख्य मांगों में छात्रों को परीक्षाओं से पूर्व पढ़ने का उचित समय दिए जाने, परीक्षा से पूर्व सभी छात्र.छात्राओं के एडमिशन पूरे किए जाने, परीक्षा से पूर्व सभी छात्र.छात्राओं के परीक्षा शुल्क भरे जाने के लिए वक्त दिया जाने, परीक्षा से पूर्व सभी छात्र छात्राओं के एडमिट कार्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए जाना शामिल था। इन सभी मांगों को लेकर छात्र प्रतिनिधि कुमाऊं विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन कर बैठे और यह सुनिश्चित करते हैं जब तक यह सभी समस्याएं सुलझाई नहीं जाएगी तब तक विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर अभिषेक कुमार, देव चौहान, आशीष कबडवाल, करन सती,तनिष्क समेत कई छात्र नेता मौजूद रहे।

### रंजिशन हमला करने के आरोप में 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर।** रंजिशन किये गये हमले में पीड़िता की याचिका पर कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज र जांच शुरू कर दी। पीड़िता ने रंजीत तिवारी पुत्र बजरंग तिवारी, माही मंडल पत्नी शशांक मंडल, शशांक मंडल, निमेश मंडल,ठाकुर राय पुत्र शंकर राय, हरि राय पुत्र शंकर राय निवासी संजयनगर खेड़ा रुद्रपुर समेत तीन अज्ञात पर आरोप लगाया है कि उसका पति पिछले कई महीने से मजदूरी के लिए उड़ीसा गये है। पास ही रहने वाला रंजीत तिवारी उस पर गलत नजर रख उसका पीछा करता है और छेडछाड करता है। आरोप है कि रंजीत तिवारी ने जबरदस्ती रेप का प्रयास किया तो उसकी बहन को बात बतायी। इसके बाद रंजीत तिवारी, माही, शशांक मंडल, निमेश मंडल रंजिश रखने लगे। धमकी दी कोई कार्यवाही की सोची तो पूरे परिवार को जाने से मार देंगे। 14 मार्च 2025 को उक्त लोगों ने घर के अंदर जबरदस्ती घुस का उससे,पुत्र सागर,पुत्री प्रभाती पाल व पायल पाल मारपीट शुरू कर दी। जिसका मौके पर किसी ने मोबाईल से वीडियो भी बनाया है। सूचना डायल 112 पर दी थी। 15 मार्च को अपनी पुत्रीयों को अपने भाई के घर भेजने के लिए घर से बाहर निकली तो उक्त लोगों ने फिर से घेर लिया और दोबारा से मारपीट की। घटना की रिपोर्ट थाना ट्रांजिट कैंप व एसएसपी से की, लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कुमाऊं संभाग का कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग आयोजित

**हल्द्वानी।** संस्कृतभारती उत्तरांचल के कुमाऊं संभाग द्वारा कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ क्षेत्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र पाण्ड्या जी ने किया, सम्मेलन में प्रांत मंत्री डॉक्टर चंद्र प्रकाश उप्रेती, पूर्वअध्यक्ष जानकी त्रिपाठी एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉक्टर एन डी जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में चार सत्रों का आयोजन हुआ जिसमें संस्कृत के प्रचार प्रसार हेतु विस्तार से चर्चा की गई । इस कार्यक्रम में कुमाऊं संभाग के सभी जनपदों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं के मध्य क्षेत्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र द्वारा संस्कृत के प्रचार प्रसार एवं विस्तार के लिए विस्तृत चर्चा की गई। सह प्रांत मंत्री डॉ चंद्र प्रकाश उप्रेती द्वारा कुमाऊं संभाग में अगले तीन माह में सभी जनपदों में संस्कृत शिविर के आयोजन करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संस्कृत भारती के ट्रस्टी तथा कुमाऊँ संभाग संपर्क प्रमुख प्रकाश चन्द्र भट्ट , प्रांत संगठन मंत्री गौरव शास्त्री,डॉ गोपाल दत्त त्रिपाठी, डॉ नीरज जोशी, डॉक्टर जगदीश चन्द्रपांडेय, डॉक्टर राघव झा, डा आरती जैन, डा भारती नारायण भट्ट, डॉ मनोज जोशी, डॉ मनोज पांडे आदि विद्वान लोग उपस्थित रहे।




# कुमाऊं विवि में स्वर्ण जयंती के मौके पर रंगारंग कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित कलावती पंत छात्रावास में स्वर्ण जयंती के मौके पर रविवार को रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए।

बता दें कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत,मुख्य कुलानुशासक प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट व वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी पहुंचे। रविवार को छात्रावास के 50वें स्थापना दिवस पर छात्राओं ने विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य व लोकगीत और नाटकों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तराखंड का जागर समेत गुजराती गरबा, बंगाली दुर्गा पूजा समेत नेपाल की संस्कृति को भी दर्शाया गया। कार्यक्रम का थीम एकता रखी गई थी। डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत ने कहा कि भविष्य में स्थापना दिवस को विवि या परिसर स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. हिमांशु लोहनी, रेनु खोलिया, वैशाली तथा कविता रावत आदि मौजूद रहे।

# गौरीकुंड केदारनाथ पैदल मार्ग पर जिला प्रशासन की स्थानीय लोगों को उजाड़ने की पूरी कोशिश : नेता प्रतिपक्ष

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि, गौरीकुंड केदारनाथ पैदल मार्ग पर जिला प्रशासन 9 अस्थाई दुकानदारों जिनमें कमजोर, गरीब तबके के स्थानीय लोग और महिला भी हैं उनको उजाड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, सोशल मीडिया पर एक वीडियो में एक अधिकारी इन दुकानों को तोड़ने की कोशिश करते दिख रहे हैं एक अधेड़ महिला उस अधिकारी के पैरों में गिर कर अपनी अस्थाई दुकान को न हटाने की गुहार लगा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में ऐसे दृश्य सामंती युग की याद दिलाते हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, इन गरीबों को दुकान, कैंटीन आबंटित किए जाने से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण करने से साफ पता चल रहा है कि इन सभी गरीबों को जिला प्रशासन ने अपने द्वारा तय प्रक्रिया पूरी कर 6000 शुल्क लेकर दुकान लगाने का स्थान अंकित कर इन्हें दुकानें आबंटित की थी। ये सभी इस स्थान पर सालों से दुकान लगाते आए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी दुकानदारों से एक समिति ने दुकान चलने के नाम पर 2-2 हजार रुपए की अवैध वसूली भी की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, अप्रैल के महीने दुकान आबंटित होने के बाद इन सभी दुकानदारों ने कर्ज लेकर समान लाकर आबंटित स्थान पर दुकान लगाई तो तहसीलदार दूसरे ही दिन दुकान हटाने पहुंच गया। अभी भी जिला प्रशासन इन दुकानों को उजाड़ने की धमकी दे रहा है। कहा कि , स्वयं द्वारा तय प्रक्रिया को पूरी कर दी गई के बाद यदि जिला प्रशासन इन दुकानों को उजाड़ने की कोशिश करता है तो इस कोशिश का विरोध घटना स्थल पर आकर करने के साथ कानूनी रूप से भी किया जाएगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पूर्व विधायक शुक्ला ने धार्मिक आयोजन समाज के लिए बताया संजीवनी

किच्छा

हमारे संवाददाता

आज़ादनगर सुनहरा में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पहुंचकर कीर्तन का श्रवण किया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में शामिल कीर्तन मंडलियों ने भावपूर्ण प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों ने पूर्व विधायक का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। पूर्व विधायक ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज की आत्मा को जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे कार्यक्रम केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने वाले आधार स्तंभ हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता हीरा सरकार, राजकुमार कोली, मिथुन मंडल, संजीव खन्ना, नितिन वाल्मीकि, अमर मजूमदार, प्रशांत मालदार, अरुण विश्वास, सुशांत मंडल, भोला, विश्वजीत विश्वास, विश्वजीत मंडल, विवेक मंडल, दीपांकर राय, नमिता हालदार, उर्मिला राय, रेशमा विश्वास, तुलसी विश्वास, कविता समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।



# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर ज्ञापन सौंपा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के विकासखंड ओखलकांडा के शिक्षकों द्वारा रविवार को भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा से मुलाकात कर पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि वर्ष 2001 में शिक्षा मित्र योजना के तहत उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में शिक्षकों की कमी को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कल्याण सिंह द्वारा लाखों बेरोजगारों को शिक्षा मित्र के रूप में नियुक्ति प्रदान की और जिसके पश्चात शिक्षकों की कमी दूर होने के साथ साथ विद्यालयों के पठन.पाठन में भी अत्यधिक वृद्धि हुई और शिक्षा मित्रों द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य किया गया, जिसके लिए समय-समय पर सरकारों द्वारा इनकी काफ ी सराहना की गई साथ ही समय समय पर इनके मानदेय में भी वृद्धि की गई। यहां पर बताते चलें कि शिक्षा मित्रों द्वारा मानदेय वृद्धि के साथ साथ नियमित नियुक्ति हेतु समय समय पर आन्दोलन भी किये जिसके फ लस्वरूप 2010-12 से सरकारों ने इनकी मांग पूरी करते हुए इनको दो वर्षीय बीटीसी व डी एल एड प्रशिक्षण प्रदान किया और प्रशिक्षण एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात इनको नियमित नियुक्ति प्रदान की गई।

इसी कड़ी में रविवार को जनपद नैनीताल के विकास खंड ओखलकांडा के शिक्षकों द्वारा भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा से मुलाकात की और उन्हें अवगत कराया कि 2001 में जब उनका चयन हुआ था तो रिक्त पदों के सापेक्ष हुआ था जिसकी नियमानुसार विज्ञप्ति निकाली गई थी और नियमानुसार उनका चयन हुआ था इसी को आधार मानकर हमें भी पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाना चाहिए। ओखलकान्डा विकास खंड से आये शिक्षक हरीश मेहरा और गोपाल बिष्ट ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चल रहा है। विधायक भीमताल ने उक्त प्रकरण को शिक्षा सचिव के सम्मुख रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षा सचिव से दूरभाष से वार्ता करनी चाही परन्तु बात नहीं हो पायी। उन्होंने आश्वस्त किया कि उक्त प्रकरण पर वह शिक्षकों का पूर्ण सहयोग करेंगे। ज्ञापन देने वालों में हरीश मेहरा, गोपाल बिष्ट, हीरा बल्लभ तथा दिनेश भट्ट व खीमेश फ ुलारा उपस्थित रहे।

# अभिमत



## ‘गंदा काम’ कबूला

***पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आतंकवादियों को मदद की बात कबूल करते हुए अमेरिका, ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों के कहने पर आतंकवादियों को पनाह देने का ‘गंदा काम’ बताया और स्वीकार किया कि इस गलती के लिए पाकिस्तान को भुगतना पड़ रहा है। अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ अमेरिका के युद्ध और अमेरिका के न्यूयार्क में ट्रेड सेंटर पर हमले के बाद पाकिस्तान ने सांप रूपी आतंकियों को पालने का गंदा काम किया।***

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से भारत को सहानुभूति मिली है। आतंकवादियों को पाकिस्तान से मदद मिली थी, इसलिए पाकिस्तान की निंदा हो रही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आतंकवादियों को मदद की बात कबूल करते हुए अमेरिका, ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों के कहने पर आतंकवादियों को पनाह देने का ‘गंदा काम’ बताया और स्वीकार किया कि इस गलती के लिए पाकिस्तान को भुगतना पड़ रहा है। अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ अमेरिका के युद्ध और अमेरिका के न्यूयार्क में ट्रेड सेंटर पर हमले के बाद पाकिस्तान ने सांप रूपी आतंकियों को पालने का गंदा काम किया। दरअसल चार दशक पूर्व अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीत युद्ध चल रहा था। सोवियत संघ ने अफगानिस्तान में सेना भेज कर कब्जा करने का प्रयास किया। सोवियत सेना से लड़ने के लिए तालिबान लड़ाके तैयार हो गये। उधर अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन के माध्यम से अलकायदा नामक आतंकी संगठन तैयार किया और अफगानिस्तान में सोवियत संघ की सेना से मुकाबला करने की रणनीति तैयार की। अफगानिस्तान के पड़ोसी पाकिस्तान ने अमेरिका से आर्थिक मदद लेकर आतंकियों को पनाह दी। सोवियत संघ के गणराज्यों का विभाजन हो गया। एक मात्र रूस सबसे शक्तिशाली देश रह गया। रूस ने अफगानिस्तान से सेना वापस बुला ली। अमेरिका ने अफगानिस्तान में सेना भेज दी। ओसामा बिन लादेन ने अमेरिका के ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमला करवा दिया और लादेन को पाकिस्तान ने अपनी सैन्य छावनी के निकट छिपा लिया। अमेरिका ने लादेन को दुश्मन नंबर वन घोषित कर दिया। अमेरिका को गलतफहमी थी कि लादेन अफगानिस्तान में है। पाकिस्तान ने अमेरिका से हथियार और धन लिया तथा आतंकी तैयार करके भारत में खूनखराबा कराया। अमेरिका ने सर्जिकल स्ट्राइक करके लादेन को मार डाला और पाकिस्तान को मदद बंद कर दी। उधर आतंकवादी सांप की तरह अब पाकिस्तान को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। भारत ने सीमा पार से आतंकी घुसपैठ पर काफी हद तक नियंत्रण किया है। पाकिस्तान द्वारा तैयार किया गया आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने कश्मीर में नया संगठन बनाकर पहलगाम में हमला कराया है। भारत ने आतंकियों का खात्मा करने की ठान ली है। पाकिस्तान ने जब गंदा काम कबूला है तो वह भी आतंकियों का खात्मा करे।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने वाली भारतीय सेना के सम्मान में ’राष्ट्रीय चेतना मंच’ ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली ।

गांधी पार्क से प्रारंभ सेना को समर्पित ’सेना सम्मान तिरंगा यात्रा मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक, शिवाजी चौक,पंच मंदिर,विधवानी मार्केट, डॉ भीमराव अंबेडकर चौक होते हुए महाराजा रणजीत सिंह पार्क में पहुंच कर समापन हो गया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि भारत की सेना का मनोबल बढ़ाने हेतु प्रत्येक भारतीय नागरिकों को राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर आगे आना चाहिए। सीमा पर तैनात व बहादुरी से, पूरी ताकत से मुकाबला करने वाले सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम करने चाहिए।शत्रु देश पाकिस्तान से पूर्व के युद्धों से अनुभव व सबक लेकर भारतीय थल, वायु व जल सेना पूरे प्राण प्रण से पाकिस्तान की सेना व पाक परीक्षित आतंकियों के दांत खट्टे कर रही है। यात्रा में सैकड़ो नागरिकों के हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता व भारतीय सैन्य शक्ति के पक्ष में जमकर नारेबाजी की



**आयोजन**

- **सेना को समर्पित ’सेना सम्मान तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत**

विपरीत परिस्थितियों में भी भारतीय सेना अपने पराक्रम व अदम्य साहस से शत्रु का पूरी बहादुरी से निर्भय होकर मुकाबला कर रही है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय चेतना मंच के अध्यक्ष संजय ठुकराल, गोविंद राय, हरविंदर सिंह हरजी, विजय फुटेला, ज्ञानी सुरेन सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पार्षद गौरव खुराना,जितेश शर्मा, पार्षद इंद्रजीत सिंह, पार्षद परवेज कुरैशी, जगदीश सुखीजा, राजकुमार भुसरी,राजू गुप्ता, गगन ग्रोवर, त्रिलोचन सिंह, सुल्तान सिंह, रमेश कालड़ा, अजय नारायण, गौरव कुशवाहा, विक्की सैनी, किरण पाल, अरशद खान, प्रदीप त्यागी, रोहित खुराना, बॉबी टुटेजा, मनीष ठुकराल, राहुल सरीन, जतिन छाबड़ा, ट्रांजिट कैम्प व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, विनीत सोलंकी, जितेंद्र गुप्ता, गोविंद कुमार, मनोज गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, शिव छाबड़ा, विराट आर्या,हरीश ग्रोवर, ललित सिंह बिष्ट, अंकित चंद्रा, भुवन गुप्ता, दीपक गुगलानी,प्रीति साना, मोनिका, अशोक यादव, पंकज दास गुप्ता, सोफिया कुरैशी, महेश कोली, हबीब अहमद, फैजल खान, तारा सिंह, ज्योति टम्टा, राधा पांडे, आनंदी देवी, खष्टी पांडे, भागीरथी देवी, जानकी देवी, तनुजा देवी, राधिका देवी, नंदिनी देवी, महेंद्र, संजय कुमार, इज़हारुल,मंगल सिंह, इश्तियाक आदि शामिल रहे।

## श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन देवी के रूपों का वर्णन किया

**नैनीताल** । नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन यानी रविवार को व्यास देवेश चंद्र शास्त्री ने देवी के विभिन्न रूपों और शक्तियों का वर्णन किया। व्यास शास्त्री ने कहा कि महिषासुर वध व चंडी के अवतारों और भक्तों पर कृपा के साथ-साथ देवी की असीम शक्ति और महिमा को दर्शाती है। उन्होंने देवी के विभिन्न रूपों जैसे महाकाली, महालक्ष्मी और महा सरस्वती का वर्णन किया जो विभिन्न शक्तियों और गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। व्यास देवेश चंद्र शास्त्री ने कथा सुनते हुए बताया कि असुर महिषासुर पर विजय प्राप्त कर शक्ति और न्याय की जीत के लिए देवी का यह रूप है । ये विभिन्न परिस्थितियों में देवी के प्रकट रूप में होते हैं। कहा कि जो भक्तों पर उनकी कृपा और आशीर्वाद तथा भक्ति और निष्ठा के लिए होता है देवी की असीम शक्ति और महिमा को सभी को प्रेरित कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करती है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल के सहयोग से वैश्य महिला समिति के द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष्य में लक्ष्मी शिशु मंदिर स्कूल बरेली रोड में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर सुरहा जुयाल , दृष्टि मितिज्ञ डाक्टर रुचि राज, एवं सहयोगी डॉक्टर महिमा, संजना द्वारा सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आंखों का परीक्षण भी किया गया। वैश्य महिला समिति द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी जी वैश्य महासभा के अध्यक्ष श्री रामबाबू जयसवाल जी संरक्षक भगवान सहाय जी महिला अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय एवं वाष्णेय समाज की अध्यक्षश्री मती मीना वार्ष्णेय के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।



वैश्य महिला समिति की अध्यक्षा मंजूवाष्णेय ने कहा कि वैष्णव समिति समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम करती रहती है और भविष्य में भी करती रहेगी वैश्य महिला समिति का उद्देश्य सभी महिलाओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम में वैश्य महिला समिति की संरक्षक सुचित्रा जयसवाल जी महामंत्री स्नेह लता गुप्ता ,कोषाअध्यक्ष मनोरमा खंडेलवाल , मीडिया प्रभारी रश्मि गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रियंका जायसवाल, मंत्री ज्योति देवल , सह सचिव पूनम केसरवानी तथा समस्त वैश्य महिला समिति की महिलाओं ने अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम में वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता ,कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, भगवान सहाय एवं देवेश अग्रवाल, राजेश खंडेलवाल, रमाशंकर जी, सुचित्रा जयसवाल जी, पूनम अग्रवाल जी , मीना वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## रिलीज से पहले ही करोड़ों कमाने की तैयारी में ऋतिक की वॉर 2





*ऋतिक रोशन की फिल्म ‘वॉर 2’ को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। फिल्म की रिलीज से पहले ही अब फिल्म करोड़ों की कमाई करने को तैयार है। ऋतिक रोशन और साउथ स्टार जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘वॉर 2’ का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यशराज फिल्म्स की इस स्पाई यूनिवर्स को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है। तो वहीं मेकर्स भी फिल्म को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में खबर आई थी कि एक्शन से भरपूर इस फिल्म में ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक जबरदस्त डांस सॉन्ग बैटल भी होगा। अब फिल्म को लेकर एक और बड़ी खबर आ रही है, जो फिल्म की लोकप्रियता और इसको लेकर बने लोगों के उत्साह को दर्शाती है। ‘वॉर 2’ एक हाई-स्टेक थ्रिलर है। जो 2019 की ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘वॉर’ का सीक्वल है। स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म में ऋतिक एक बार फिर कबीर नाम के जासूस की भूमिका में नजर आएंगे। जबकि जूनियर एनटीआर के फिल्म में नेगेटिव रोल में नजर आने की संभावना है। इन दोनों के अलावा कियारा आडवाणी भी इस फिल्म में ग्लैमर का तड़का लगाती दिखेंगी। ‘वॉर 2’ 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है।*

### तेलुगु वर्जन की बढ़ी डिमांड

*‘वॉर 2’ को लेकर दर्शकों की दीवानगी इस कदर है कि फिल्म रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई करने को तैयार है। 123 तेलुगु की एक एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, %वॉर 2% के तेलुगु वर्जन के रिलीज से पहले ही 85 से 120 करोड़ रुपये की कमाई करने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, ‘वॉर 2’ के तेलुगु राइट्स की मांग 85 से 120 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट की मानें तो टॉलीवुड के शीर्ष निर्माता नागा वामसी और सुनील नारंग तेलुगु डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स को हथियाने की दौड़ में हैं। ये दोनों नाम तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज प्रोड्यूसर में से हैं, जो बड़े बजट की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।*

# सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलका कर उत्पात मचाने वाले एसएसपी की रडार पर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**

- **सड़क किनारे, वाहनों में सार्वजनिक स्थानों पर, शराब ठेकों के बाहर शराब पीने वालों पर पुलिस की कार्रवाई**
- **241 व्यक्तियों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट के तहत चालान, कड़ी हिदायत दी**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर जनपद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो सो से अधिक शराब पीने वालों पर कार्रवाई की। पुलिस कार्रवाई के बाद हिदायत भी दी। शनिवार की रात जनपद पुलिसकर्मी ने ऐसे लोगों के खिलाफ व्यापक स्तर पर चेकिंग आभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थान, शराब के ठेके के बाहर शराब पीने वालों व शराब पीकर उपद्रव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पलिस ने कार्रवाई करते हुए 241 लोगों को हिरासत में लिया और पुलिस एक्ट में चालान की कार्रवाई करते जुर्माना लगाया। एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि सड़क किनारे वाहन खड़ा कर शराब पीने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उपद्रव मचाने वालों पर व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्षों को ऐसे लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 241 व्यक्तियों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट के तहत चालान कर जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि शराबियों के विरुद्ध ऊधम सिंह नगर पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

News कॉर्नर

## सीएम धामी ने दी बुद्ध पूर्णिमा शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन और उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए एक अमूल्य धरोहर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने अहिंसा, करुणा, शांति और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने सत्य को जानने और उसे जीवन में अपनाने पर विशेष बल दिया। उनके विचार आज भी समाज को नैतिक मूल्यों, धर्माचरण और कर्तव्यनिष्ठा की दिशा में प्रेरित करते हैं। धामी ने यह भी कहा कि बुद्ध की शिक्षा विश्व बंधुत्व, समरसता और संगठन की भावना को बढ़ावा देती हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें ।

## फांसी लगाने वाली युवती का शव परिजनों को सौंपा

**हल्द्वानी।** बीते दिवस फांसी लगाने वाली युवती के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। गौरतलब है कि रविवार की शाम एक युवती ने अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। उस वक्त उसकी मां, बेटी को बंद करके बाहर से ताला लगाकर छोटी बेटी को खाना देने के लिए गई थी। वापस लौटी तो बेटी फंदे पर लटकी थी। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा गया। डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बता दें कि घर पर दोपहर के समय अदबशा व उसकी मां ही थे। मां छोटी बेटी को खाना देने के लिए बाजार आई। इस बीच अदबशा को कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। जब बाजार से वापस लौटने पर बेटी फंदे पर लटकी हुई थी। यह सब देख महिला ने शोर किया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी सूचना पर पुलिस पहुंच गई। बेटी को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

# दो दिवसीय जिलास्तरीय जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविर आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ ऊधम सिंह नगर के तत्वधान एवं दक्ष स्पोर्ट्स अकैडमी, नानकमत्ता के गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में दो दिवसीय जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट जॉनी हिराम तिग्गा, महासचिव ऋषिपाल भारती, शोभा तिग्गा, दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेड़ा व कार्यक्रम आयोजक सचिव सिहान किशोर सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान मुख्य अथिति ने जॉनी हिराम ने कहा कि अभ्यास ही खिलाड़ियों को सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ने में मदद करता है। नियमित और कड़ी मेहनत के बिना, खिलाड़ी अपने कौशल और क्षमताओं को नहीं बढ़ा सकते।उत्तराखंड के कई जु जित्सू खिलाड़ियों का उदाहरण देकर कहा कि नव्या, कमल सिंह, कृष्णा साना, जय प्रकाश, सृष्टि वशिष्ठ इन सभी ने अभ्यास ओर अपने जुनून के बल पर ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सफलता प्राप्त की। दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शंकर बसेरा ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को उजागर करने हेतु जिला जुड़्जित्सू एसोसिएशन द्वारा कई सजक प्रयास किए जा रहे है। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय एवं एशियन जुड़्जित्सू प्रतियोगिताओ हेतु जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में जिला जुड़्जित्सू संघ द्वारा खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु जुड़्जित्सू प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक सचिव सिहान किशोर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में जनपद के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में पहले दिन एशियन खिलाड़ी कमल सिंह ने खिलाड़ियों को जुड़्जित्सू नेड्वाजा, इवेंट्स में इस्तेमाल की जाने वाली प्रमुख तकनीकों एवं थ्रो का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जिला जुड़्जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, प्रीसैप्टर एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुखदेव सिंह, राजीव राना, हिमा भट्ट, वसीम खान, प्रिया विश्वास, कंचन बसेरा, ऋचा शर्मा, जय प्रकाश सहित अन्य अभिभावक लोगों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# सीएम ने निर्माणाधीन मां पूर्णागिरी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया

रुद्रपुर/खटीमा

हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नगला तराई में 254 लाख की धनराशि से निर्माणाधीन मां पूर्णागिरी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया ।

निरीक्षण दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यदाई संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को मंदिर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा मंदिर में पानी व शौचालय व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए । उन्होंने कहा प्रदेश में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा साथ ही उन्होंने समयबद्धता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा जो कार्यदाई संस्था अथवा ठेकेदार अच्छा कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।

सीएम ने लोहिया हेड कैम्प कार्यालय में जनता से मुलाकात की व उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर द्वारा जनपद अल्मोड़ा के लिए प्रस्थान किया।इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा,मेयर काशीपुर दीपक बाली,राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू,अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, जिलाध्यक्ष बीजेपी कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा,गुंजन सुखीजा डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, अशोक जोशी ,एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम खटीमा रविन्द्र बिष्ट, सीओ आरडी मठपाल,भूपेंद्र सिंह धौनी, अधिशाषी अभियंता आर डब्लू डी अमित भारती,सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

**निर्देश**

● मौके पर मौजूद लोगों की भी समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश

# खटीमा पहुंचे सीएम धामी जनता की समस्याएं सुनी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार खटीमा पहुंचे । मुख्यमंत्री लोहिया हेड हेलीपैड पहुंचने पर जिलाधिकारी, एसएसपी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने हेलीपेड व लोहिया हेड कैम्प कार्यालय में जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। सीएम वनबसा जाते समय सनिया नाला वनबसा का निरीक्षण किया। इस दौरान जनता ने सीएम को बताया कि सनिया नाले में बड़े मगरमच्छ होने से क्षेत्रवासियों को खतरा बना रहता है,जिस पर मुख्यमंत्री ने मौक पर वन विभाग के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, आईजी रिद्धिम अग्रवाल,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम खटीमा रविन्द्र बिष्ट, सीओ आरडी मठपाल सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# हीरानगर में घुटना कुल्हा जोड़ संबंधी रोगों के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हीरा नगर स्थित लगन गार्डन बैंक्विट हीरानगर में घुटना कुल्हा जोड़ संबंधी रोगों के स्वास्थ्य शिविर का पार्षद वार्ड नंबर 17 शैलेंद्र सिंह दानू के सौजन्य एवं साथी संगठन हल्द्वानी व गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन हल्द्वानी के सहयोग में आयोजित किया गया। जिसमें KVR हॉस्पिटल काशीपुर के वरिष्ठ घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉक्टर तरुण सोलंकी द्वारा शिविर में 256 मरीजों का घुटना कुल्हा से संबंधित बीमारियों का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में माननीय महापौर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा रिबन काटकर शुभारंभ किया। भारतीय सेना से सेवानिवृत कर्नल आलोक पांडे निदेशक उपनल कुमाऊं संभाग, सेवानिवृत्त कर्नल हरीश जोशी का भी बुके प्रदान कर सम्मान और अभिनंदन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर तरुण सोलंकी अपनी पूरी टीम एवं घुटना एक्स-रे पीसीआर वैन को लेकर प्रात: से तत्परता पूर्वक मरीज के परीक्षण में व्यस्त रहें स्वास्थ्य शिविर में निम्न सुविधा निशुल्क प्रदान की गई। एक्स-रे मशीन द्वारा घुटनों के मरीज का एक्स-रे कराया गया। बी एम डी हड्डियों में कैल्शियम की कमी की जांच शुगर बीपी की जांच प्रशिक्षण के बाद 3 दिन की दवाइयां निशुल्क प्रदान की। शिविर में वंदे मातरम ग्रुप के सदस्य ललित परगाई सुनील सनवाल चंद्रशेखर परगाई प्रियांशु बिष्ट जी विशाल सिंह भोजक नेअपना पूर्ण योगदान मरीजों की सेवा करने में लगाया। स्वास्थ्य शिविर में साथी संगठन तथा गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन के निम्न सदस्यों द्वारा भी अपना पूर्ण सहयोग दिया लक्ष्मण सिंह गौनिया डीडी शर्मा जगदीश सिंह खोलिया विजय तिवारी मोहन सिंह मेहरा सुरेंद्र सिंह बिष्ट वीरेंद्र सिंह भाकुनी शंकर दत्त तिवारी तथा संगठन की बहनों नीमा जोशी रमा रौतेला आनंदी नेगी व बसंती जौहरी आदि ।



## सीएम को सौंपा मालिकाना हक की मांग को ज्ञापन

**नैनीताल ।** मालिकाना हक की मांग को लेकर हरीनगरों को न्याय दिलाने हेतु संघर्ष समिति ने आगामी जून माह में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया है। ग्राम सभा सरना हरीनगर में रविवार को हरीनगर मालिकाना हक संघर्ष समिति नैनीताल के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें यह फैसला लिया गया। सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रशासक रूद्र पाल ने की। इस दौरान मुकेश चन्द्र बौद्ध, आनंद प्रकाश आनंद बल्लभ एस. लाल तथा पीसी गोरखा आदि मौजूद रहे।

# बैंक कर्मी अचानक चलते-चलते सड़क पर गिरा, मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी। निजी बैंक में तैनात बैंक कर्मी अचानक चलते चलते सड़क पर गिर गया। जिससे उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह घर से निकले था और कुछ ही घंटों बाद उनका शव सड़क किनारे एक दुकान के पास मिला।

जानकारी के अनुसार, मुखानी क्षेत्र में एक निजी बैंक में कार्यरत विक्रम चौबे (47) को अचेत अवस्था में देखकर एक टेंपो चालक ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि मौत का कारण जहरीला पदार्थ हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। पुलिस ने बताया कि शव के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही ऐसा कोई स्पष्ट संकेत मिला जिससे आत्महत्या की पुष्टि हो। जबकि परिजन इस आशंका को खारिज कर रहे हैं कि विक्रम ने खुदकुशी की होगी। उनका कहना है कि विक्रम मानसिक रूप से मजबूत और जिम्मेदार व्यक्ति थे, जो आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकते। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार, रिश्तेदार, मित्रों और कुछ राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने कहा है कि हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी

# भीम आर्मी की सभा का आयोजन किया, संविधान की प्रस्तावना से प्रारम्भ किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



भीम आर्मी की एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संविधान की प्रस्तावना से प्रारम्भ किया गया, सभा की अध्यक्षता भीम आर्मी जिला संरक्षक बी एल आर्य ने की और संचालन जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने किया।

सभा को सम्बोधित करते हूए बी एल आर्य ने कहा कि हल्द्वानी शहर के कई जगहों के नाम बदले गए हैं उसी क्रम में ताज चौराहे का नाम भी बदलकर भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति तथा विश्व में भारत को मिसाइल बनाकर मज़बूत करने वाले डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के नाम पर रखने का प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड की बैठक में पारित हुआ था, ताज चौराहे पर डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के नाम से फ्लेक्सी, बैनर, पोस्टर तथा फूल मलाओं से सजा भी दिया गया था, नगर निगम द्वारा कलाम साहब के नाम पर ताज चौराहे का नाम बदलने की पूरी तैयारियां कर ली गई थीं, परन्तु कुछ अराजक तत्वों द्वारा रात में ही सारे पोस्टर, बैनर, और फ्लेक्सी को फाड़ कर ताज चौराहे पर पूर्व में बने हूए चौराहे को भी शातिग्रस्त कर दिया गया, ऐसे संविधान विरोधी कार्य करने वालों पर नगर निगम द्वारा कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए थी, क्यूंकि उन्होंने भारत रत्न से नवाज़े गए और देश के राष्ट्रपति जैसे सम्मानित व्यक्ति का अपमान तो किया ही साथ ही हल्द्वानी के जन प्रतिनिधि तथा प्रथम नागरिक के पद पर बैठे हूए महापौर और पार्षदों का भी अपमान किया है, महापौर को अपने पद की गरिमा को समझते हूए और अपने वायदे पर कायम रहते हूए ताज चौराहे के नाम को बदलकर ए पी जे अब्दुल कलाम के नाम से रख देना चाहिए, भीम आर्मी जल्द ही महापौर महोदय से मिलकर ताज चौराहे के नाम को बदल कर डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम चौराहा रखने की मांग करेंगी, सभा में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में ताज चौराहे के नाम को बदलकर कलाम साहब के नाम पर रखने की सहमति जताई, सभा में बी एल आर्य, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, विकास कुमार, फ़िरोज़ भाई, जीवन आर्य, लक्ष्मी नारायण, शिवम ठाकुर, जीतराम, आदि उपस्थित थे।